Day & Date	Part	Subject Name	Time	Code	Marks
Friday 18/05/2018	I (Fresh / Repeater)	Hindi – Adhunik Hindi Kavita	11.00 AM To 02.00 PM	203007	100

प्र.1 संसदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

अ) वे सूने से नयन, नहीं
जिनमें बनते आँसू मोती,
वह प्राणों की सेज, नहीं
जिसमें बेसुध पीड़ा सोती।

अथवा

क्या हुआ दुनिया अगर मरघट बनी,
अभी मेरी आखिरी आवाज बाकी है,
हो चुकी हैवानियत की इन्तेहा
आदमीयत का मगर आगाज़ बाकी है।

ब) बुहत नहीं थे सिर्फ चार कौए थे काले,
उन्होंने यह तँय किया कि सारे उड़ने वाले
उनके ढंग से उड़ें, रूके, खाएँ और गायें,
वे जिसको त्योहार कहें, सब उसे मनायें।

अथवा

न हो कमीज़ तो पाँवों से पेट ढँक लेंगे,
ये लोग कितने मुनासिब है, इस सफ़र के लिए।
X X X
तेरा निजाम है सिल दे जुबान शायर की,
ये एहतियात जरूरी है इस बहर के लिए।

प्र.2 'महादेवी का काव्य अन्तर्जगत् की गहराई का काव्य है'– कथन की समीक्षा कीजिए। **20**

अथवा

'धर्मवीर भारती' के काव्य में व्यक्त प्रमुख स्वर क्या है? सोदाहरण समझाइए।

प्र.3 'भवानी प्रसाद मिश्र' के काव्य वैशिष्ट्य का उल्लेख कीजिए। **20**

अथवा

दुष्यंत कुमार की ग़ज़लों में सत्ता और व्यवस्था के प्रति व्यक्त आक्रोश का विवेचन कीजिए।

प्र.4 निम्नलिखित में से किन्ही दो के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **20**

अ) महादेवी वर्मा के काव्य में व्यक्त सामाजिक चेतना स्पष्ट कीजिए?
ब) भवानी प्रसाद मिश्र की काव्य–यात्रा पर प्रकाश डालिए?
क) हिन्दी ग़ज़ल परंपरा में दुष्यंत का योगदान समझाइए?

प्र.5 अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **10**

1. 'छायावाद' से क्या अभिप्राय है?
2. छायावाद के किन्हीं तीन कवियों के नाम लिखिए?
3. महादेवी वर्मा के कोई दो काव्य प्रतीक बताइए?
4. '..... हो उठता जीवन मृदु उर्वर' ..... पंक्ति का आशय लिखिए।
5. 'धर्मवीर भारती' के काव्य की कोई एक विशेषता बताइए?
6. 'नई कविता' से क्या आशय है?
7. भवानी प्रसाद की रचना 'त्रिकाल संध्या' का नामकरण कैसे हुआ?
8. किन्हीं दो गज़लकारों के नाम लिखिए।
9. 'चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए' पंक्ति का अर्थ बताइए।
10. 'धर्मवीर भारती' की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

ब) जोड़े मिलाइए। **05**

1. छायावाद	1. अज्ञेय
2. प्रगतिवाद	2. धूमिल
3. प्रयोगवाद	3. सुमित्रानंदन पंत
4. नई कविता	4. राम विलास शर्मा
5. अकविता	5. जगदीश गुप्त

क) सही पर्याय चुनिए। **05**

1. छायावाद का समय है–

अ) 1918 – 1936 ई. ब) 1900 – 1920 ई.
क) 1936 – 1947 ई. ड) 1885 – 1900 ई.

2. महादेव की रचना है –

अ) पल्लव ब) यामा
क) लहर ड) ग्राम्या

3. 'कनुप्रिया' के रचनाकार है –

अ) प्रसाद ब) निराला
क) वीरेन्द्र मिश्र ड) धर्मवीर भारती

4. 'दूसरा सप्तक' के कवि है –

अ) भवानी प्रसाद मिश्र ब) रामधारी सिंह दिनकर
क) वीरेन्द्र मिश्र ड) जगदीश गुप्त

5. 'हो गई है पीर पर्वत सी अबतो ..... चाहिए' – काव्य पक्ति का सही शब्द चुनिए–

अ) गलनी ब) बहनी
क) पिघलनी ड) घटनी